निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-3512271, 2251008

# विद्या विकास समिति, झारखण्ड

( विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध )
शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002
**E-mail** - vvs.jharkhand@yahoo.com **Web** - http://www.vvsjharkhand.org.in

पत्रक क्र. : 02/2023-24 (वैशाख कृष्ण 8 वि. सं. 2080 युगाब्द 5125) दिनांक : 28/04/2023

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय चेतना के अमर उद्घोषक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी ने स्वामी रामतीर्थ के भावों की ही अपने शब्दों में अभिव्यक्ति करते हुए कहा था - ''भारत जमीन का टुकड़ा नहीं है, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिन्दु-बिन्दु गंगाजल है। हम जियेंगे तो इसके लिए और मरेंगे तो इसके लिए।''

मातृभूमि माता तो, हम कौन हैं ? मातृभूमि से अपने संतति रूप के परिप्रेक्ष्य में चिंतन आवश्यक है। कवि मैथिली शरण गुप्त 'भारत भारती' में कहते हैं -

हम कौन थे क्या हो गए और क्या होंगे अभी।
आओ विचारें आज मिलकर ये सब समस्याएँ सभी।।

तो आईए राष्ट्रदेव के श्रीचरणों में भारत माता की आराधना में रत्त होकर ''जग सिरमौर बनाएँ भारत'' के स्वप्न को साकार करने हेतु प्राण पण से जुट जाएँ। इस हेतु कि हिन्दुत्वनिष्ठ एवं राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण युवापीढ़ी निर्मित करने में समर्थ होवें।

वंदे मातरम्।

## विषय क्रम

**आगामी कार्यक्रम**

1. नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग
2. प्रांतीय कार्यरत नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग
3. परिसरीय चयन के आधार पर नियोजित आचार्य का प्रशिक्षण
4. वर्ष 2021 में नवीन चयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग
5. प्रांतीय स्थायित्व आचार्य प्रशिक्षण वर्ग
6. प्रांतीय नवीन प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग
7. कार्यालय प्रमुख एवं सहायक वर्ग
8. विभाग टोली बैठक
9. विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक
10. उच्चतर माध्यमिक आचार्यों का विषयश: प्रशिक्षण
11. प्रदेश गतिविधि शुल्क
12. संस्कृति ज्ञान परीक्षा
13. विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी एवं सम्मेलन
14. स्थायित्व में अनुतीर्ण अभ्यर्थी

## आगामी कार्यक्रम

### 1. नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग

आचार्य चयन परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थी इसमें भाग लेंगे। पूर्व निर्धारित तिथि में आंशिक परिवर्तन है। अब परिवर्तित तिथि 19.05.2023 से 07.06.2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है। प्रशिक्षणार्थी को 19 मई 2023 के सायं 07:00 बजे तक उपस्थिति होना अनिवार्य है। कोई भी कारण हो 20 मई 2023 को प्रात: 07:00 बजे के पश्चात आने पर अनुमति नहीं प्राप्त होगी। शेष सूचनाएँ वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ 04 के आधार पर पूर्ववत् है। पूरी जानकारी दें।

विद्यालय के मित्रवर, प्रधानाचार्य जी एवं आचार्य से आग्रह है कि कोई नवीन अभ्यर्थी जानकारी लेना चाहे तो वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ क्रमांक 04 के आधार पर पूरी जानकारी दें। व्यवस्था शुल्क ₹4,000/- (चार हजार रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। प्रदेश द्वारा प्रशिक्षण से संबंधित दिए गए पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।

## 2. प्रांतीय कार्यरत नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग

अब परिवर्तित तिथि 19.05.2023 से 07.06.2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयाजित है। शेष सूचनाएँ वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ संख्या-04 के आधार पर पूर्ववत् है। वैसे आचार्य जिन्होंने बिना प्रशिक्षण प्राप्त किए ही प्रांत द्वारा विद्यालयों में भेजा गया है, उनका प्रशिक्षण अनिवार्य है। इन आचार्यों को माननीय प्रधानाचार्य एवं माननीय सचिव महोदय सूचित कर दें। संपूर्ण व्यय आचार्य जी स्वयं वहन करेंगे। व्यवस्था शुल्क ₹4,000/- (चार हजार रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। कोई भी कारण हो 20.05.2023 के प्रात: 07:00 बजे पश्चात प्रवेश नहीं होगा।

वैसे आचार्य जी जो पिछले कुछ वर्षों से प्रांतीय अनुशंसा पत्र के आधार पर कार्यरत हैं परंतु किसी कारणवश उनका नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग नहीं हो पाया है उन्हें भी इस प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेना अनिवार्य है, अन्यथा उनकी सेवा पूर्व में दिए गए पत्र के आधार पर समाप्त मानी जाएगी।

प्रांतीय नियुक्ति से संबंधित प्रदेश द्वारा दिए गए पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।

## 3. परिसरीय चयन के आधार पर नियोजन

आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुदलुम के परिसरीय चयन के आधार पर जिन आचार्यों का नियोजन विद्यालयों में हुआ है। जिनका नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग नहीं हुआ है उन्हें भी प्रांतीय कार्यरत नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में आना अनिवार्य है, अन्यथा उनकी सेवा पूर्व में दिए गए पत्र के आधार पर समाप्त मानी जाएगी। प्रधानाचार्य जी ऐसे आचार्य जी को सूचित कर प्रशिक्षण हेतु भेजें। शेष सूचनाएँ प्रांतीय कार्यरत नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के अनुसार है। प्रांतीय नियुक्ति से संबंधित प्रदेश द्वारा दिए गए पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।

## 4. वर्ष 2021 में नवीन चयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग

वैसे आचार्य जिनका चयन वर्ष 2021 में हुआ है और नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में सहभागी नहीं हुए हैं, सभी अपेक्षित हैं। उनका भी प्रशिक्षण तिथि 19.05.2023 से 07.06.2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयाजित है। व्यवस्था शुल्क ₹4,000/- (चार हजार रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। प्रांतीय नियुक्ति से संबंधित प्रदेश द्वारा दिए गए पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।

## 5. प्रांतीय स्थायित्व आचार्य प्रशिक्षण वर्ग

अब परिवर्तित तिथि 19.05.2023 से 07.06.2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयाजित है। प्रशिक्षणार्थी की 19 मई 2023 के सायं 07:00 बजे तक उपस्थिति अपेक्षित है 20 मई 2023 को प्रात: 07:00 बजे के पश्चात आने पर अनुमति नहीं प्राप्त होगी। जो आचार्य जी एवं कार्यालय कार्यकर्ता स्थायित्व वर्ग के लिए योग्य हैं, जिन्होंने अखंडित सेवा 365 दिन (प्रशिक्षितों के लिए) एवं शेष के लिए 730 दिन की अखंडित सेवा अनिवार्यत: पूर्ण की है, अपेक्षित हैं।

ऐसे आचार्य जी से आवेदन लेकर माननीय सचिव एवं प्रधानाचार्य महोदय अग्रसारित करते हुए आवेदन प्रदेश प्रेषित करें। गोपनीय प्रतिवेदन भी ससमय भेजने से ठीक रहेगा। प्रांतीय नियुक्ति से संबंधित प्रदेश द्वारा दिए गए पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।

## 6. प्रांतीय नवीन प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग

यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 29.05.2023 से 07.06.2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है। अपरिहार्य कारणों से तिथि में थोड़ा परिवर्तन किया गया है। व्यवस्था शुल्क ₹2,000/- (दो हजार रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। दिनांक 28.05.2029 को अधिकतम दोपहर भोजन पूर्व पहूँचना अनिवार्य है। शेष शूचनाएँ वार्षिक कार्ययोजना के आधार पर पूर्ववत् है। सम्मिलिति हेतु आवेदन प्रेषित करें। जिन प्रधानाचार्यों का प्रशिक्षण नहीं हुआ है, वैसे सभी अपेक्षित हैं।

## 7. कार्यालय प्रमुख एवं सहायक वर्ग

यह वर्ग दिनांक 25.05.2023 के दोपहर भोजन पूर्व से 07.06.2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है। समय से उपस्थित होना अनिवार्य है। नवीन चयनितों के साथ पुराने भाग ले सकते हैं किन्तु अनुशंसित आवेदन आना चाहिए। माननीय सचिव एवं प्रधानाचार्य जी अनुशंसित करेंगे। व्यवस्था शुल्क ₹2,000/- (दो हजार रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। शेष सूचनाएँ पूर्ववत् हैं। पत्रक क्रमांक 01 का भी अध्ययन करें।

## 8. विभाग टोली बैठक

विभाग टोली बैठक 07 मई, 2023 को विभाग केन्द्र या विभाग निरीक्षक महोदय द्वारा निर्धारित स्थान पर आयोजित करनी है। विभाग टोली को पुर्नगठित भी करनी चाहिए। पदेन सदस्य के अतिरिक्त, विद्वतजन, सरस्वती पुत्र, पूर्व छात्र, विभिन्न विधा में तज्ञ, मातृशक्ति, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पूर्व आचार्य, अर्थात् सभी समूहों को साथ लेते हुए, 21, 31, 41, 51 की संख्या रख सकते हैं। जिन विभागों में विद्यालयों की संख्या 40 या अधिक है तो वे 71, 81 भी संख्या कर सकते हैं। सबका साथ हो, सबकी सहभागिता हो। इस बैठक में विभाग टोली का प्रवास तय हो, जाकर करना क्या ? तय हो जाए। विभाग कार्ययोजना तय हो जाए। सब सक्रिय भी रहे इसकी अपेक्षा है।

## 9. विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक

09 मई 2023 के निर्धारित स्थानों पर कार्ययोजना पृष्ठ संख्या 2 पर अंकित है। सबकी उपस्थिति अनिवार्य है। शुल्क एवं व्यवस्था विभाग प्रमुख के अनुसार। वृत्त पत्रक प्रेषित है उसे पूर्ण करते हुए बैठक में उपस्थित होना है।

## 10. उच्चतर माध्यमिक आचार्यों का विषयशः प्रशिक्षण

उच्चतर माध्यमिक आचार्यों का विषयशः प्रशिक्षण हेतु पत्रक क्रमांक-01 में विवरण अंकित है। अपने आचार्यों को इस क्षेत्रीय प्रशिक्षण वर्ग में अवश्य ही भेजें। शेष विवरण पत्रक 01 एवं वार्षिक कार्ययोजना में अंकित है, अवलोकन करें।

## 11. प्रदेश गतिविधि शुल्क

विद्यालय खाता में (लेजर में) संग्रहित विभिन्न मदों की धन राशि जिसे प्रदेश कार्यालय प्रेषित करना है। संपूर्ण राशि प्रेषित कर श्री सूर्यकांत पाठक जी को दूरभाष पर सूचित करें साथ ही मदवार विवरण के सहित ईमेल भी करें। नकद राशि नहीं भेजें, RTGS/NEFT द्वारा ही राशि प्रेषित करें।

## 12. संस्कृति ज्ञान परीक्षा

अपने भैया-बहनों की (संपूर्णता में) राशि/परीक्षा शुल्क भेजकर बोधमाला मंगवा लें। अब से परीक्षा टोली के निर्णयानुसार संस्कृति ज्ञान परीक्षा को एक विषय मान लिया गया है। इसकी परीक्षा नहीं देने वाले अपने भैया/बहन कक्षा में स्थान प्राप्त नहीं कर सकेंगे। अधिकतम अंक प्राप्ति पश्चात भी वे प्रोन्नत हीं होंगे कक्षा में स्थान प्राप्त नहीं कर सकेंगे। प्रश्नमंच की व्यवस्था सहित सभी प्रतियोगिताओं की तैयारी प्रारंभ करें। **विज्ञान, वैदिक गणित एवं संस्कृति ज्ञान की नियमावली का पीडीएफ ऑनलाईन माध्यम से आपने प्राप्त कर लिया होगा।** यदि प्राप्त नहीं हुआ है तो सूचित करें पुनः प्रेषित किया जाएगा। इसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दें। पीडीएफ का प्रिंट निकाल कर दो-प्रति विद्यालय में रखें।

## 13. विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी एवं सम्मेलन

अपने विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी/सम्मेलन, मातृ गोष्ठी, विद्वत सम्मेलन, पूर्व छात्र बैठक/सम्मेलन, मातृ भारती सम्मेलन, पोषक क्षेत्र सम्मेलन, वार्षिकोत्सव, खेल दिवस सहित कोई भी कार्यक्रम हो उसमें कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, ईसीसीई, पर्यावरण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत, प्लास्टिक मुक्त विद्यालय, प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम, पूर्व छात्रों की उन्नति, मातृभाषा गौरव, पारंपरिक परिधान (वेश) उत्सवों-प्रयोजनों में विषय की चर्चा, वार्ता, विषय प्रस्तुति, संवाद अवश्य ही हो।

## 14. स्थायित्व में अनुतीर्ण अभ्यर्थी

वैसे आचार्य जो विगत किसी भी स्थायित्व परीक्षा में अनुतीर्ण हो गए हों। वैसे अभ्यर्थी को 06 जून 2023 को प्रातः 08 बजे तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में उपस्थित होना है। इनकी परीक्षा लिखित, मौखिक एवं शारीरिक की होगी। लिखित में वंदना पुस्तक, आचार्य नियमावली, विद्या भारती के अनुरूप विद्यालयीन गतिविधियाँ विषयक परीक्षा 100 अंकों की लिखित तथा शारीरिक की 40 अंक की होगी। उत्तीर्णांक 60 प्रतिशत होंगे। व्यवस्था शुल्क/परीक्षा शुल्क ₹200/- (दो सौ रुपए मात्र) लगेंगे। विलंब से आने वाले सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

<u>आलोक</u> :- आवेदन ग्रीष्मावकाश से पूर्व भेजें।

कृपया इस पत्रक से समिति एवं आचार्य परिवार को भी अवगत कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें। **मासांत की प्रतिक्षा न करें।**

**वट सावित्री व्रत की शुभकामनाओं सहित -**

।। इतिशुभम् ।।

भवदीय

28/04/2023

**(अजय कुमार तिवारी)**

प्रदेश सचिव

विद्या विकास समिति, झारखंड

प्रांतीय समिति का नाम ............................................................

विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक 2023, दिनांक ......................

# वृत्त पत्रक

1. विद्यालय का नाम ............................................................ दूरभाष ....................
   पत्राचार का पता ............................................................ जिला ....................
   पत्रालय .................... पिन .................... प्रखण्ड .................... अनुमंडल ....................
   आयुक्त कार्यालय .................... नगर पंचायत / नगर परिषद / नगर निगम ....................
   विभाग .................... विधानसभा .................... लोकसभा ....................
   E-mail - ........................................ Web Site - ........................................
   PAN - .................... TAN - .................... EPF Code - ....................
   ESI - .................... Gratuity - ....................
2. प्रधानाचार्य का नाम ............................................................ सचल दूरभाष ....................
   शैक्षणिक योग्यता ............................................................ प्रशिक्षण ....................
   संस्थान का नाम एवं पता ............................................................
3. प्रभारी प्रधानाचार्य का नाम (प्रांत द्वारा मान्यता प्राप्त, अगर हैं तो) ....................
   सचल दूरभाष .................... शैक्षणिक योग्यता .................... प्रशिक्षण ....................
   संस्थान का नाम एवं पता ............................................................
4. सचिव का नाम ............................................................ सचल दूरभाष ....................
   ईमेल ............................................................
5. कोषाध्यक्ष का नाम ............................................................ सचल दूरभाष ....................
   ईमेल ............................................................
6. (क) मान्यता (संबंधित पर ✓ लगाएँ)– केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद ☐ झारखण्ड अधिविद्य परिषद ☐ मान्यता नहीं ☐
   (ख) मान्यता हेतु आवेदित – केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद ☐ झारखण्ड अधिविद्य परिषद ☐
7. आचार्य आवश्यकता –

| स्तर | विषय | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| PRT | | | | | | |
| TGT | | | | | | |
| PGT | | | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुस्तकालयाध्यक्ष | | | |
| कार्यालय कार्यकर्ता | | | |
| शारीरिक | B.P.Ed. | | M.P.Ed. | |
| संगीत | | | |
| काउन्सेलर | | | |

*क्रमशः ......*

**<u>आलोक</u> :-**

अंशकालिक आचार्यों की सेवा ग्रीष्मावकाश के साथ ही समाप्त हो जाती है। 'ए' एवं 'बी' श्रेणी के विद्यालयों में स्थानीय आचार्य नहीं रखना है, अंशकालिक की सेवा समाप्त है तो इस अनुरूप माँग भेजें।

8. स्तरानुसार संख्यात्मक विवरण –

**Foundation Stage**

| कक्षाएँ | अरुण | उदय | प्रभात | प्रथम | द्वितीय | **योग** | **आचार्य** (केवल फाउंडेशन स्टेज के लिए) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भैया | | | | | | | | | |
| बहन | | | | | | | पुरुष | महिला | **योग** |
| **योग** | | | | | | | | | |

**Preparatory Stage**

| कक्षाएँ | तृतीय | चतुर्थ | पंचम | **योग** | **आचार्य** (केवल प्रिपरेटरी स्टेज के लिए) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भैया | | | | | | | |
| बहन | | | | | पुरुष | महिला | **योग** |
| **योग** | | | | | | | |

**Middle Stage**

| कक्षाएँ | षष्ठ | सप्तम | अष्टम | **योग** | **आचार्य** (केवल मिडिल स्टेज के लिए) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भैया | | | | | | | |
| बहन | | | | | पुरुष | महिला | **योग** |
| **योग** | | | | | | | |

**Secondary Stage**

| कक्षाएँ | नवम | दशम | एकादश | द्वादश | **योग** | **आचार्य** (केवल सेकेन्डरी स्टेज के लिए) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भैया | | | | | | | | |
| बहन | | | | | | पुरुष | महिला | **योग** |
| **योग** | | | | | | | | |

**सर्वयोग – ऊपर अंकित विवरण के अनुसार**

| छात्र | भैया | बहन | योग | आचार्य | पुरुष | महिला | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

भैया–बहन विवरण –

| अनुसूचित जनजाति | | | अनुसूचित जाति | | | ईसाई | | | मुस्लिम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भैया | बहन | योग | भैया | बहन | योग | भैया | बहन | योग | भैया | बहन | योग |
| | | | | | | | | | | | |
| दिव्यांग | | | पिछड़ा वर्ग | | | अन्य | | | सर्वयोग | | |
| भैया | बहन | योग | भैया | बहन | योग | भैया | बहन | योग | भैया | बहन | योग |
| | | | | | | | | | | | |

आचार्य विवरण –

| अनुसूचित जनजाति | | | अनुसूचित जाति | | | ईसाई | | | मुस्लिम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महिला | पुरुष | योग | महिला | पुरुष | योग | महिला | पुरुष | योग | महिला | पुरुष | योग |
| | | | | | | | | | | | |
| दिव्यांग | | | पिछड़ा वर्ग | | | अन्य | | | सर्वयोग | | |
| महिला | पुरुष | योग | महिला | पुरुष | योग | महिला | पुरुष | योग | महिला | पुरुष | योग |
| | | | | | | | | | | | |

*क्रमशः ......*

9. पोषक ग्राम सूची ............................................ समस्याएँ ............................................ समाधान ............................................

आलोक – पृथक से सूची अनिवार्यतः संलग्न करें।

10.ECCE के क्रियान्वयन की स्थिति ..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................................

11.NEP का क्रियान्वयन कक्षा–कक्ष में ......................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................................

12.समयदानी कार्यकर्ताओं की सूची (अलग से संलग्न करें) ......................................................................................................

13.NEP एवं RTE Act के अनुरूप विद्यालय के भूमि भवन की स्थिति ........................................................................................

..........................................................................................................................................................................

14.ATL का क्रियान्वयन .........................................................................................................................................................

(क) दर्पन आईडी सक्रिय हुआ ?

(ख) क्या प्रत्येक तीन माह पर नीति आयोग के पोर्टल पर गतिविधि अपलोड हुआ है ? नहीं, तो समस्या क्या है लिखकर लावें।

(ग) ATL प्रभारी आचार्य जी का नाम .............................................................. मोबाईल नं. ......................................................

15.स्वास्थ्य परीक्षण –

(क) कितने भैया–बहनों का हुआ .......................... आँख, नाक, कान, शारीरिक, मानसिक स्थिति।

(ख) जाँच की स्थिति ..........................................................................................................................................................

16.कितने पूर्व छात्र पोर्टल पर पंजीकृत हुए ..............................................................................................................................

17.विद्यालय की वार्षिक कार्ययोजना, संलग्न करें।

18.विद्यालय का बजट (संलग्न करें) ............................................................... अंकेक्षण हुआ ..................................................

अंकेक्षण वृत्त ......................................................................................................................................................................

<u>**द्रष्टव्य**</u> **:-** कृपया सभी प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक पूर्ण जानकारी के साथ भरें एवं आवश्यकतानुसार अलग से भी तत्संबंधी जानकारी हेतु कागज का उपयोग कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| प्रधानाचार्य का हस्ताक्षर | सचिव का हस्ताक्षर |
| (पूरा नाम एवं मुहर सहित) | (पूरा नाम एवं मुहर सहित) |
| दिनांक ............................ | दिनांक ............................ |